पत्र संख्या-सी0/ई0एच0-06/2016-......6326......../जे0

बिहार सरकार

विधि विभाग

प्रेषक,

अंजनी कुमार सिंह,
सरकार के सचिव, बिहार।

सेवा में,

विद्वान महाधिवक्ता (बिहार),
महाधिवक्ता कार्यालय,
माननीय पटना उच्च न्यायालय, पटना।

पटना, दिनांक-26.9.25

**विषय:-** **श्री कुमार मनीष, स्थायी समुपदेशक संख्या-05 के सहायतार्थ सहायक अधिवक्ता की वचनबद्धता के संबंध में।**

**प्रसंग:-** **भवदीय कार्यालय का पत्रांक-155, दिनांक-21.08.2025**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक् विचारोपरांत श्री कुमार मनीष, स्थायी समुपदेशक संख्या-05 महाधिवक्ता कार्यालय, पटना उच्च न्यायालय, पटना के सहायतार्थ पूर्व से नियुक्त सहायक अधिवक्ता **श्रीमती शमा सिन्हा (पंजीयन संख्या-1007/2012)** को सहायक अधिवक्ता के पद पर की गयी नियुक्ति से विमुक्त करते हुए उनके स्थान पर विधि विभागीय अधिसूचना संख्या-7156/जे0, दिनांक-06.12.2016 की कंडिका-09 एवं 10 के आलोक में **श्री अरूण कुमार प्रसाद** (पंजीयन संख्या-30/2003) अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय, पटना को सहायक अधिवक्ता के रूप में **दिनांक-18.08.2025** के प्रभाव से वचनबद्ध करने की कृपा की है।

2. सहायक अधिवक्ता के रूप में नव नियुक्त सहायक अधिवक्ता की सेवा उनके वरीय अधिवक्ता के सह-विस्तारी (Co-terminus) अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक सीमित रहेगी।

3. श्री अरूण कुमार प्रसाद, नवनियुक्त सहायक अधिवक्ता को विधि विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक-1547/जे0, दिनांक-24.02.2023 द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा।

4. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
26.09.25
(अंजनी कुमार सिंह)
सरकार के सचिव, बिहार।

सुश्री प्रियंका-1
06.10.25

2744
06/10/2025